पंजाब केसरी 03/09/2022

# 5वें सैमेस्टर में कॉलेज की छात्रा ने पाया 8वां स्थान

अम्बाला छावनी, 2 सितम्बर (कोचर): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की छात्रा नवलप्रीत कौर ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की बी.कॉम (5वां सैमेस्टर) में 8वां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।



कॉलेज छात्रा के साथ मौजूद प्रिंसीपल व अन्य। (देवदत्त)

नवलप्रीत शुरु से ही एक होनहार छात्रा रही है और उसने पहले भी विश्वविद्यालय में मैरिट में स्थान प्राप्त किया है। शिक्षा के साथ-साथ वह अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेती रहती है। विश्वविद्यालय में मैरिट में स्थान हासिल करने पर कॉलेज प्राचार्य डा. वी.के. जैन ने छात्रा व उसके परिवार को बधाई दी। वाणिज्य संकाय के सभी प्राध्यापकों ने भी उसे भविष्य में भी इसी प्रकार प्रयास करने के लिए प्रेरित किया और उसकी इस उपलब्धि पर बधाई दी।